>

Title: Need to construct a Railway overbridge at Chilbilla Railway crossing in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): इलाहाबाद से फैजाबाद, राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में चिलबिला क्रासिंग क्षेत्र पड़ता है, जिस पर एक ऊपरी पुल बनाने का कार्य स्वीकृत हो चुका है। इस ऊपरी पुल बनाने की मांग जनता कई सालों से कर रही है। यह ऊपरी पुल बनाने के लिए मैंने छः साल पूर्व सदन में मामला उठाया था। खेद के साथ सदन को सूचित करना पड़ रहा है कि इस ऊपरी पुल के पास जो अप्रोच रोड़ है, वह स्वीकृत नहीं हुआ है। जब तक अप्रोच रोड नहीं बनेगा तब तक ऊपरी पुल भी नहीं बन पायेगा। शहर का यातायात बहुत ज्यादा होने से शहर में जाम रहता है, जिसके कारण लोगों का समय बर्बाद होता है एवं लोगों को असुविधा होती है। जिस सड़क पर ऊपरी पुल बनना प्रस्तावित है, यह सड़क कई जिलों को पार कर अन्य राज्यों में पहुंचती है, जिसके कारण कई राज्यों एवं जिलों का यातायात इसी सड़क से होकर निकलता है। ऊपरी पुल नहीं बनने से यहां पर कई सड़क दुर्घटनाएं भी हुई हैं।

सदन के माध्यम से अनुरोध हे कि जनहित में उपरोक्त चिलबिला क्रासिंग के स्वीकृत ऊपरी पुल निर्माण को शुरू करवाने हेतु अप्रोच मार्ग की स्वीकृति भी शीघ्र दी जाये, जिससे स्वीकृत चिलबिला क्रासिंग पर ऊपरी पुल शीघ्र बन सके।